**दिनांक- 11- अगस्त -23**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**पुडुचेरी सरकार के लिए रेलटेल द्वारा कार्यान्वित ई-ऑफिस परियोजना का उद्घाटन पुडुचेरी सरकार के मुख्यमंत्री श्री एन रंगासामी की गरिमामयी उपस्थिति में उपराज्यपाल डॉ(श्रीमती) तमिलिसाई सुंदरराजन ने पुडुचेरी में आयोजित एक कार्यक्रम में किया।**

**ई-ऑफिस एप्लिकेशन सरकारी फाइलों के इलेक्ट्रॉनिक प्रसंस्करण में मदद करेगा जिससे सरकारी योजनाओं की बेहतर निगरानी सुनिश्चित हो सकेगी ।**

**रेलटेल ने सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस परियोजना के कार्यान्वयन में विशेषज्ञता हासिल की है और हमारे पास इसके कई जॉब आर्डर हैं: श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल**

***********

रेल मंत्रालय के तहत एक मिनी रत्न पीएसयू 'रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड' ने पुडुचेरी सरकार के लिए NIC e-ऑफिस परियोजना कार्यान्वित की है।

इस ई-ऑफिस परियोजना का उद्घाटन 9 अगस्त 2023 को पुडुचेरी में सूचना प्रौद्योगिकी निदेशालय और पुडुचेरी e-गवर्नेंस सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "प्रौद्योगिकी भविष्य के निर्माण पर कार्यशाला" के अवसर पर पुडुचेरी सरकार के उपराज्यपाल डॉ(श्रीमती) तमिलिसाई सुंदरराजन द्वारा पुडुचेरी सरकार के मुख्यमंत्री श्री एन रंगासामी की गरिमामय उपस्थिति में कल्याणकारी योजनाओं के अन्य आईटी अनुप्रयोगों के साथ किया गया।

ई-ऑफिस एप्लिकेशन सरकारी फाइलों के इलेक्ट्रॉनिक प्रसंस्करण में मदद करेगा। ई-ऑफिस त्वरित निर्णय लेने, सेवाओं के तेजी से वितरण, जवाबदेही, पारदर्शिता और डेटा सुरक्षा को सक्षम बनाता है। ई-ऑफिस अंततः कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी रखने में मदद करता है।

रेलटेल ने इस ई-ऑफिस परियोजना के लिए उपयोगकर्ताओं और प्रशासकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कई श्रृंखलाएं भी आयोजित की हैं। पुडुचेरी सरकार के डेटा को रेलटेल के डेटा केंद्रों पर होस्ट किया जाएगा।

इसके अलावा, रेलटेल वर्तमान में पुडुचेरी स्मार्ट सिटी के लिए 170.11 करोड़ रुपये की परियोजना कार्यान्वित कर रहा है जिसमें इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर (ICCC) और पुडुचेरी स्मार्ट सिटी से संबद्ध अन्य गतिविधियाँ के डिजाइन, विकास, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशन और 5 वर्षों के लिए ओ एंड एम शामिल हैं।

रेलटेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने कहा, "ई-ऑफिस डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग है। रेलटेल ने सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस परियोजना के कार्यान्वयन में विशेषज्ञता हासिल की है और हमारे पास इसके कई जॉब आर्डर हैं। हम इस सेगमेंट में व्यवसाय पर नजर बनाए हुए हैं। ई-गवर्नेंस वर्तमान में चर्चा में है और यह कुशल और पारदर्शी प्रशासन के लिए प्रभावी उपकरण है।

**रेलटेल के बारे में:**

रेलटेल, रेल मंत्रालय के तहत एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार बुनियादी ढांचे और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास कई शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000+ आरकेएम के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना मंत्रालय (MeitY) पैनल वाले टियर III डेटा केंद्र भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न क्षेत्रों में पर समाज को ज्ञनार्जित बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और रेलटेल को दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कार्य कर रहा है। रेलटेल एमपीएलएस वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक साथ प्रदान करता है। रेलटेल देश भर के रेलवे स्टेशनों पर

सार्वजनिक वाई-फाई प्रदान करके रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ काम कर रहा है और रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ 6108+ स्टेशन लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए:
sucharita@railtelindia.com